INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM -II EXAM (2018-19)
SUBJECT : HINDI
CLASS - V

SET -A

Date of Exam: 14.03.2019

Time Allotted: 2 hours **Max.Marks : 40**

(Note : This question paper consists of 4 printed pages. Please check that you have all the pages.)

खंड -क (व्याकरण)

प्रश्न 1) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : **(½×2=1)**

क) स्वीकार ख) स्पष्ट

प्रश्न 2) निम्नलिखित विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए : **(½×2 =1)**

क) मीठा ख) ऊँचा

प्रश्न 3) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए : **(½×2= 1)**

क) संस्कृति ख) लहर

प्रश्न 4) निम्नलिखित संयुक्त व्यंजनों से दो-दो शब्द बनाइए : **(1×2= 2)**

क) म्म ख) स्स

प्रश्न 5) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : **(1×2 =2)**

क) चतुर ख) बचपन

प्रश्न 6) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए : **(1×2= 2)**

क) विश्वास ख) साहस

प्रश्न 7) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थक शब्द लिखिए : **(1×2 =2)**

क) गुण ख) मंगल

प्रश्न 8) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए : **(½×4=2)**

क) हाथ बँटाना ख) दाँत खट्टे करना

ग) आँखों में धूल झोंकना घ) भीगी बिल्ली बनना

प्रश्न 9) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए : **(½×4=2)**

क) व्याकुल ख) राज

ग) दिल घ) नित्यप्रति

प्रश्न 10) निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानकर,उनके भेदों के नाम लिखिए : **(½×4=2)**

क) तनिषा के हाथ से गिलास गिरकर टूट गया।

ख) मुनमुन इशिता को भोजन खिला रही है।

ग) प्रखर कल दिल्ली जाएगा।

घ) ऋषिका शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेगी।

खंड -ख (साहित्य)

प्रश्न 11) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : **(½×4 =2)**

क) अक्षय ख) प्रवास ग) स्वच्छंद घ) ईर्ष्या

प्रश्न 12) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए : **(1×2 = 2)**

क) उपजाऊ ख) चित्रकारी

प्रश्न 13) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **(½×4=2)**

क) लगातार पानी न देने से पौधा ———— जाएगा।

ख) केरल की ———— बहुत प्रसिद्ध है।

ग) आज मैंने दो शर्तें जीत लीं ———— ।

घ) तब माँ का हृदय बहुत ———— हो जाता।

प्रश्न 14) एक वाक्य में उत्तर लिखिए : **(1×2 = 2)**

क) जीवन का अति आवश्यक तत्व कौन सा है ?

ख) केरल प्रदेश भारत के किस भाग में स्थित है ?

प्रश्न 15) किसने, किससे कहा? **(1×3 = 3)**

क) "मुझे पूरा विश्वास है कि तुम महाराज का कुरता नहीं उतरवा सकते।"

ख) "मशक में दो बूँद पाणी रह्यो है।"

ग) "आज मैं दो शर्तें हार गया।"

प्रश्न 16) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(1×5 = 5)**

क) बालक कदंब का पेड़ किस नदी के किनारे होने की बात कर रहा है?

ख) लगून किसे कहते हैं?

ग) दादाजी के लिए नाश्ते में क्या-क्या आया ?

घ) पानी को अमृत क्यों कहा गया है?

ङ) राजा ने अपने आपको भाग्यशाली क्यों कहा?

खंड - ग (अपठित बोध)

प्रश्न 17) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(1×4 = 4)**

पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। गांधी जी कहते थे "पुस्तकें केवल ज्ञान का खज़ाना ही नहीं होती, यह हमारा मनोरंजन भी करती हैं।"पाठ्य पुस्तकों के अलावा धर्म, चित्रकला, जीवनी, सामान्य-ज्ञान और कल्पना लोक से संबंधित न जाने कितनी पुस्तकें लिखी गई हैं। पुस्तकों के पढ़ने से हमें जो जानकारी मिलती है, वह अन्य कहीं नहीं मिल सकती। बदलते युग में संचार साधनों; जैसे-इंटरनेट, मोबाइल आदि के चलते यह माना जाने लगा है कि अब पुस्तकें पढ़नेवालों की संख्या लगातार कम हो रही है, लेकिन बाज़ार में आ रही नई-नई पुस्तकों की सूची इस बात को गलत साबित कर रही है।

प्रश्न: 1 पुस्तकों के बारे में गांधी जी ने क्या कहा?

प्रश्न: 2 मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र किसे कहा गया है ?

प्रश्न: 3 आजकल पुस्तक पढ़नेवालों की संख्या लगातार कम क्यों हो रही है ?

प्रश्न: 4 पुस्तक के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

खंड - घ (लेखन)

प्रश्न 18) किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए (10 से 12 वाक्य) : **(3×1 = 3)**

क) जल ही जीवन है।

ख) टेलीविज़न के लाभ तथा हानियाँ

ग) हमारी राजधानी दिल्ली